


# पंचदश बिहार विधान सभा

## षष्ठम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-04

मंगलवार, दिनांक-07 अगस्त, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.40 बजे अप० तक ।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय मुख्यमंत्री द्वारा माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी को लंदन ओलम्पिक में भारतीय बैडमिन्टन दल का नेतृत्व करने एवं भारत को मेडल प्राप्त होने पर उनको सदन की ओर से अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएँ दी गई ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 'क'-7 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(ii) 20 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 215 का उत्तर स्थगित हुआ ।

(iv) 94 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय से एवं श्री अख्तारूल इसलाम शाहिन, डा० अब्दुल गफूर तथा श्री सम्राट चौधरी से प्राप्त दो अलग-अलग कार्यस्थगन सूचनाओं के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ii) श्री अरूण कुमार सिन्हा
(iii) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(iv) श्री राजेश्वर राज
(v) श्री प्रमोद कुमार
(vi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(vii) श्री चित्तरंजन कुमार
(viii) डा० रणविजय कुमार
(ix) श्री विनोद प्रसाद यादव
(x) श्री कृष्णनंदन यादव
(xi) श्री प्रदीप कुमार
(xii) डॉ० इजहार अहमद

(xiii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह (xiv) श्री संजय सिंह टाईगर
(xv) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

[4] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) माननीय मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा बिहार लोकायुक्त का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1992, 1993, 1994, 1995, 2001-02, 2002-03, 2003-04, 2004-05, 2005-06, 2006-07, 2007-08 एवं 2008-09 की एक-एक प्रति को सभा पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा 'बिहार निजी सुरक्षा अभिकरण नियमावली, 2011' की प्रति को सभा पटल पर रखा गया ।

(iii) माननीय सभापति याचिका समिति श्री श्याम बिहारी प्रसाद द्वारा समिति का 8वाँ, 9वाँ, 10वाँ एवं 11वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा पटल पर रखा गया ।

(iv) माननीय सभापति, जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति, श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा समिति का 13वाँ एवं 14वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा पटल पर रखा गया ।

(v) माननीय सभापति, प्राक्कलन समिति डॉ॰ इजहार अहमद द्वारा समिति का 147वाँ प्रतिवेदन की प्रति को सभा पटल पर रखा गया ।

(आसन से घोषणा की गई कि आज की ध्यानाकर्षण सूचनाएँ विनियोग के बाद ली जायेगी ।)

[5] <u>उपाध्यक्ष का निर्वाचन</u> :-

बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष पद पर माननीय सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ ।

उनके उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर माननीय अध्यक्ष, माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री सदानंद सिंह, श्री अवधेश कुमार राय एवं श्री जाकिर हुसैन खान द्वारा बधाई दी गई ।

माननीय उपाध्यक्ष द्वारा आभार प्रकट किया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप॰ से 05.20 बजे अप॰ तक ।

(माननीय उपाध्यक्ष श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने आसन ग्रहण किया ।)

[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :- <u>वित्तीय वर्ष 2012-13 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान</u> :-

शिक्षा विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री श्री पी॰के॰ शाही द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय द्वारा अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) डा॰ रणविजय कुमार (ii) श्री प्रदीप कुमार
(iii) श्री राम लषण राम 'रमण' (iv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(v) श्री प्रमोद कुमार (vi) श्री मनोहर प्रसाद सिंह
(vii) श्री अखतरूल ईमान (viii) श्री कृष्णनंदन यादव
(ix) श्री तारकिशोर प्रसाद (x) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xi) श्री ललन राम (xii) श्री जवाहर प्रसाद

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया । माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ और शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान मांग ध्वनिमत से स्वीकृत हुई

तदुपरांत वित्तीय वर्ष 2012-13 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित शेष अनुदान की मांग बारी-बारी से मुखबंध (गिलोटीन) द्वारा सदन से स्वीकृत हुई ।

[7] <u>राजकीय कार्य</u> :- <u>राजकीय (वित्तीय) विधेयक</u> :- <u>बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2012</u> :-

माननीय उपमुख्य (वित्त) मंत्री द्वारा सदन की अनुमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत बारी-बारी से सभी खंड विधेयक के अंग बने ।

माननीय उपमुख्य (वित्त) मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

माननीय नेता प्रतिपक्ष के प्रस्ताव पर आज के ध्यानाकर्षण सूचनाएँ कल दिनांक 08.08.2012 को लिए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[8] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल-34 निवेदनों को सदन की सहमति से सम्बंधित विभागों को भेज दिए जाएँगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 08.08.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-07.08.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।